चोरी की आठ बाइकों के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय एवं क्षेत्राधिकारी नगर सत्येन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी एवं कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने दो शातिर वाहन चोर को चोरी की आठ बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। बताया गया कि जिले में बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने को एसपी ने प्रभारी निरीक्षक एसओजी एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी को घटनाओं के शीघ्र अनावरण कर गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। शुक्रवार को एसओजी एवं कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम 'साहिल यादव पुत्र रामकरन यादव निवासी पिपरौंद लालता रोड थाना मऊ बताया। उसकी निशानदेही पर झाड़ियों के पास पेड़ के नीचे छिपाकर रखी गयी सात चोरी की बाइकें एवं उसके साथी नवनीत कुमार जाटव पुत्र रामबाबू जाटव निवासी अतरौली थाना रैपुरा को पकड़ा गया। कब्जे से एक हजार रुपए भी बरामद हुए हैं। पूछताछ में दोनो शातिरो ने बताया' कि अलग-अलग स्थानों से बाइक चुराकर झाड़ियों में छिपाकर रखते थे और बाद में कानपुर ले जाकर बेचने की फिराक में थे। संयुक्त टीम में प्रभारी स्वाट सर्विलांस एमपी त्रिपाठी, एसआई प्रवीण कुमार सिंह, अंशुल सिंह, इन्द्रजीत गौतम कोतवाली कर्वी, प्रवीण सिंह, आरक्षी राहुल पुरी, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, जयनारायण पटैरिया, पवन राजपूत, चालक विपिन कुमार, आरक्षी मोहित कुमार, आदर्श राय रहे।


पुलिस गिरफ्त में वाहन चोर एवं बरामद बाइकें।

बाइक सवार दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला, एक घायल

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत गोमती नदी पुल के समीप बेखौफ दबंगों ने बाइक सवार दो युवकों को रोककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि हमलावरों ने बाइक में भी तोड़फोड़ की। केराकत थाना क्षेत्र के वमावन गांव निवासी चंद्रशेखर नाविक ने चंदवक थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब १२ बजे वह अपने साले के साथ ससुराल बलुई जा रहे थे। गोमती पुल के पास पहुंचते ही अर्जुन नाविक, शुभम नाविक और प्रिंस ने उनकी बाइक रोक ली और अचानक लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में पीछे बैठे अमित निषाद के सिर एवं शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आरोपी वाहन को क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

डांटने पर छात्र ने प्रधानाचार्य पर पत्थर से किया हमला

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के छत्रपति शाहू जी महाराज इंटर कालेज रगौली में शनिवार की सुबह प्रधानाचार्य ने कक्षा दस के एक छात्र के कई दिन से अनुपस्थित रहने पर डांटकर नाम कटवाने के लिए कहा तो नाराज छात्र ने उन्हें पत्थर मारकर घायल कर दिया। प्रिसिंपल पर हमला होने की जानकारी होते ही पूरे कालेज के छात्र एक स्थान पर एकत्र हो गये। आनन फानन प्रिसिंपल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्र कालेज से भाग निकला।कालेज के प्रिसिंपल पहाड़ी के बछरन गांव निवासी अजित नारायण सिंह ने बताया कि कक्षा दस के छात्र रगौली निवासी धर्मेंद्र कई दिनों से कालेज नहीं आया था। शिकायत मिलने पर वह उसकी कक्षा में गये और डांट डपटकर कालेज न आने का कारण पूंछा। पता चला कि घर से वह रोज आता था और रास्ते में ही रुकता था। इस पर उन्होंने नाम कटवाने के लिए कहा। इसके बाद प्रिसिंपल कक्षा से बाहर आकर अपने रुम की ओर जाने लगे। इसी बीच छात्र धर्मेंद्र कक्ष से निकला और बरामद में ही पड़े पत्थर को उठाकर प्रिसिंपल के सिर पर मारा। इससे खून निकलने लगा और वह गिरकर बेहोश हो गये। इसके बाद आरोपित भाग निकला। उसके घर में भी कालेज प्रबंधन ने उलाहना भेजा। उधर घायल बेहोश प्रिसिंपल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश आने पर सीटी स्कैन और एक्सरे के बाद सिर पर उन्हें पांच टांके लगाए गये। घटना की जानकारी पर पूर्व सांसद के पुत्र सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घायल प्रिसिंपल का हाल जाना। आरोपी छात्र की शिकायत कोतवाली में की गयी है।

जमीन पर जबरन सड़क बनाने के विरोध में आत्मदाह करने वाले किसान की मौत

जौनपुर। लाइनबाजार थाना क्षेत्र के परियावां गांव में अपनी निजी भूमि पर जबरन सड़क निर्माण का विरोध करते हुए आत्मदाह करने वाले किसान दिनेश कुमार मौर्य (३५) की शुक्रवार देर रात बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

परियावां गांव निवासी दिनेश कुमार मौर्य (पुत्र त्रिभुवन मौर्य) का गांव की मौर्य बस्ती की तरफ जाने वाली सड़क को लेकर विवाद चल रहा था। किसान का आरोप था कि कुछ लोग उसकी निजी जमीन पर जबरन रास्ता बना रहे हैं। लगातार विरोध के बाद भी सुनवाई न होने पर क्षुब्ध होकर १७ अक्तूबर को उसने गांव के लोगों के सामने ही खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसे किसान को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था, जहां कई दिनों तक संघर्ष के बाद उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर पूर्व में ही स्थानीय ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस का कहना है कि किसान की मौत के उपरांत अब मुकदमे में सुसंगत धाराओं की वृद्धि कर कानूनी कारवाई तेज की जायेगी।

नगर दर्शन एवं फुलवारी लीला का हुआ मनमोहक मंचन

चित्रकूट। जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पुरवा तरौहां में आयोजित प्राचीन रामलीला में बीती रात नगर दर्शन और फुलवारी लीला का सजीव मंचन किया गया। चौकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह, प्रणव पांडेय आबकारी इंस्पेक्टर और प्रमोद कुमार पांडेय रिटायर्ड मेजर ने दीप प्रज्ज्वलित कर सुभारम्भ कराया। लीला के दौरान प्रभु श्री राम और लक्ष्मण के जनकपुरी भ्रमण तथा पुष्प वाटिका में माता सीता से भेंट के दृश्यों को कलाकारों ने बेहद भव्य रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों के जीवंत अभिनय और चौपाइयों के गायन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

जनता के मौलिक मताधिकार की रक्षा के लिए किसानों ने भरी हुंकार

उप्र किसान सभा ने किया प्रदर्शन

चित्रकूट। संविधान और संवैधानिक मूल्यों तथा जनता के मौलिक मताधिकार की रक्षा के लिए किसानों ने हुंकार भरी हैं और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त नही किया जाता हैं।

यह बात उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड रुद्र प्रसाद मिश्र ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र और सभी नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के संघर्ष में किसान एकजुट हो रहे हैं। मांग है कि विशेष गहन पुनरीक्षण को तत्काल रद्द किया जाए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर उन पर मुकदमा चलाया जाए। बिना पारदर्शिता के मतदाता सूची से हटाये गये १३.४१ करोड़ नागरिकों के मतदान के अधिकार बहाल किये जाएं तथा २०२३ के अधिनियम में संशोधन किया जाए और प्रधानमंत्री द्वारा नामित कैबिनेट मंत्री के स्थान पर भारत के मुख्य न्यायाधीश को चयन समिति में शामिल किया जाए। आगे कहा कि किसान व्यापक चुनाव सुधारों की भी मांग करते हैं। जिनमें आनुपातिक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था लागू करना, धनबल और बाहुबल पर अंकुश लगाना तथा चुनावों के लिए राज्य द्वारा वित्तपोषण को कानूनी मान्यता देना शामिल है। उन्होंने बताया कि ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रति ली गयी अपनी शपथ का उल्लंघन किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। जब तक संसद महाभियोग की प्रक्रिया के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से नहीं हटाती, तब तक प्रधानमंत्री अपनी कैबिनेट के सामने खड़े इस गंभीर संवैधानिक गतिरोध का समाधान नहीं कर सकते। कामरेड राजाराम ने कहा कि किसान दिल्ली पुलिस द्वारा जंतर-मंतर को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के लिए निर्धारित स्थल के रूप में अधिसूचना से बाहर करने के आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं। प्रदर्शन मे वीर बहादुर सिंह, देवराज, शिव प्रसाद, राम प्रताप, सत्तीराम, देव नारायण, शिवम, भयंकर लाल, पूनम, मनिया, शांति आदि मजदूर, किसान मौजूद रहे।

महिला बीट अधिकारियों ने चौपाल लगाकर दी अधिकारों की जानकारी

सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों के प्रति किया जागरूक

जौनपुर। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पुलिस द्वारा 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। अभियान के तहत महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों और शहरी वार्डों में पहुंचकर महिलाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा प्रावधानों एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने सार्वजनिक चौपाल लगाकर पम्पलेट वितरित किये और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या छेड़छाड़ की स्थिति में बेझिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में एंटी रोमियो स्क्वाड ने स्कूल-कालेजों, प्रमुख बाजारों, पार्कों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी। नागरिकों से अपील की गयी कि किसी भी आपात स्थिति में महिला हेल्पलाइन १०९०, आपातकालीन पुलिस सेवा ११२, १८१ तथा चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ पर तत्काल सूचना दें।

नारद मोह और विश्वमोहिनी स्वयंवर के सजीव मंचन से रामलीला की हुई शुरुआत

जौनपुर। रामलीला समिति सबरहद (शाहगंज) के तत्वावधान में प्रभु श्रीराम की लीलाओं का विधिवत पूजन-अर्चन और भव्य आरती के साथ शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलाकारों ने नारद मोह और विश्वमोहिनी स्वयंवर का भावपूर्ण मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंचन में दिखाया गया कि किस प्रकार कामदेव पर विजय पाने के बाद नारद जी में अहंकार आ जाता है और भगवान विष्णु उनकी परीक्षा लेने के लिए माया नगरी का निर्माण कर विश्वमोहिनी स्वयंवर रचते हैं। नारद की भूमिका में संतोष श्रीवास्तव, ब्रह्मा की भूमिका में प्रवीण विश्वकर्मा, भगवान विष्णु के रूप में अंकित श्रीवास्तव तथा महादेव की भूमिका में रामराज मौर्य ने अपने सधे अभिनय से प्रसंग को जीवंत बना दिया। पंडाल में उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों और 'जय श्री राम' के जयकारों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा में टकरायी कार, पांच घायल

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली अंतर्गत बेडीपुलिया के पास शनिवार की दोपहर को तेज गति से जा रहे ट्रक ने आगे चल रही कार पर टक्कर मारी। इससे अनियंत्रित कार सड़क के दूसरे छोर पर यात्रियों को उतार रहे ई रिक्शा से टकराई। बिजली विभाग के कसहाई विद्युत उपकेंद्र के सब स्टेशन आपरेटर बृजबिलास तिवारी ने बताया कि वह कार से शनिवार की दोपहर को मुख्यालय से शिवरामपुर की ओर जा रहा था। बेडीपुलिया के पास पीछे से तेज गति से आये ट्रक ने कार पर टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे छोर पर खड़े ई रिक्शे से टकरा गयी और ई रिक्शा पलट गया। घटना को देखते ही वहां पर अफरा तफरी मच गयी और लोग खुद को बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। डयूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कार चालक बृजविलास के अलावा ई रिक्शा चालक नारायणपुर गांव निवासी शत्रुघन प्रसाद, यात्री कटनी शहर के इंदिरा मोहल्ला निवासी सावंत कुमार और अमानपुर निवासी शंकर लाल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर शिकार बनाने वाले दो शातिरों को पकड़ा

चित्रकूट। ट्रेनों में यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के खिलाफ जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम को सफलता मिली है। शनिवार को चेकिंग के दौरान बासा पहाड़ रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने जहरखुरानी गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

जीआरपी प्रभारी हरेंद्र सिंह यादव और आरपीएफ प्रभारी मोहम्मद शालिक के नेतृत्व में पुलिस टीम रेलवे स्टेशन के आसपास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दो आरोपितों को पकड़ लिया गया।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अजय निषाद पुत्र मेवालाल निवासी जोगियापुर जिला जौनपुर, सलीम पुत्र जमील निवासी जाफराबाद जिला जौनपुर जो ट्रेनो मे यात्रियो से दोस्ती बना खाने पीने के सामान मे नशीला पदार्थ खिलाकर लूट लेते थे। आरोपी ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाकर जहरखुरानी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह से जुड़े हैं। पुलिस ने बताया पकडे गये आरोपी के खिलाफ कई थाने मे जहर खुरान का मामला दर्ज है।

रेल यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस टीम की इस कारवाई को अहम माना जा रहा है। ट्रेनों में सफर के दौरान अनजान लोगों से खाने पीने की वस्तुएं लेने से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल रेलवे पुलिस को देने की अपील की गयी है।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा का कैलेंडर जारी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र को नियमित रखने और परीक्षाओं को समयबद्ध कराने के उद्देश्य से परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर जारी इस कार्यक्रम में परीक्षा फार्म भरने, सत्यापन और सैद्धांतिक परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित की गयी हैं। जारी कैलेंडर के अनुसार विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरने और संबंधित महाविद्यालयों द्वारा उनका सत्यापन करने की अंतिम तिथि ३१ अक्तूबर २०२६ तय की गयी है। वहीं विभिन्न पाठ्यक्रमों की मुख्य सैद्धांतिक (लिखित) परीक्षाएं १४ नवंबर २०२६ से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बीसीए, बीबीए, एलएलबी, बीएड, एमएड, बीपीएड, एलएलएम, बीएससी (कृषि), एमएससी (कृषि), बीपीईएस और बीएलआईबी जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का कार्यक्रम अलग से घोषित किया जायेगा।

जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों को किया जागरुक

चित्रकूट। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार पंचम के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी एवं अपर सिविल जज (सी.डि.) अंशुमान यादव ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। जिला कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। लीगल एड क्लीनिक में अनुरक्षित समस्त पंजिकाओं को देखा गया। समस्त पंजिकाओं की प्रवृष्टियां नियमानुसार अंकित पायी गयी। लीगल एड क्लीनिक में नियुक्त पैरालीगल वालेण्टियर्स को निर्देशित किया गया कि यदि कोई बन्दी अपने मुकदमें की पैरवी के लिए व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम है तो नियमानुसार पत्राचार करते हुये अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से बन्दी के मुकदमें की पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त करा सकते हैं। इसी क्रम में जिला कारागार में बन्दियों के मध्य विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, पात्र बंदियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने, जमानत संबंधी प्रावधानों तथा विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही, बंदियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर का उद्देश्य निरुद्ध बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी प्रदान करना तथा न्याय तक उनकी सहज पहुँच सुनिश्चित करना था। बन्दियों को एक नवम्बर को आयोजित होने वाले मेगा कैंप के उद्देश्य, उसमें उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें विधिक सहायता, उनके अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

१६ से २२ दिसंबर तक आयोजित होगा १२वां फिल्म फेस्टिवल

चित्रकूट। १६ से २२ दिसंबर तक आयोजित होने वाले १२वें खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को यूपी बुंदेलखंड का प्रभारी बनाया गया है। इस मनोनयन पर फेस्टिवल के संस्थापक संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला के प्रति बुंदेली सेना टीम ने आभार जताया है।

फेस्टिवल के नवनियुक्त यूपी बुंदेलखंड प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि खजुराहो फिल्म फेस्टिवल बुंदेलखंड में होने वाला अद्वितीय आयोजन है। सात दिवसीय फेस्टिवल में मायानगरी मुंबई की दर्जनों फिल्मी हस्तियां सहभागिता करती हैं। रोज शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। जिसमें मुंबई की प्रस्तुतियों के अलावा बड़ी तादाद में यूपी-एमपी बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को मौका और मंच मिलता है। यूपी बुंदेलखंड के सात जिलों के नवोदित कलाकारों को इस मंच तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उनकी रहेगी।

सैकड़ों फिल्मों का टपरा टाकीज में प्रदर्शन होगा। दर्जनों राजनैतिक हस्तियां एमपी-यूपी सरकार के मंत्री और केंद्रीय मंत्री सहभागिता करेंगे। मुंबई में राजा बुंदेला के प्रयास प्रोडक्शन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दीपावली बाद यूपी बुंदेलखंड में भी जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। विशेषकर बांदा और चित्रकूट से अधिकाधिक युवाओं को फेस्टिवल का हिस्सा बनाने की कवायद होगी।

नये एवं युवा मतदाताओं के लिए लगे विशेष शिविर, डीएम ने किया निरीक्षण

जौनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में छूटे हुए और नए युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए शनिवार को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। जिलाधिकारी ने मड़ियाहूं स्थित प्राथमिक विद्यालय पालीताला, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय फूलपुर पचोखर और मदारपुर पचोखर के बूथों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारियों) से फार्म-६ प्राप्त करने की स्थिति की जानकारी ली। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि १८ वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता फैलाई जाये ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, छः घायल

चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के दीनदयाल नगर में दो पक्षों में गाली गलौज के साथ मारपीट हो गयी हैं। जिसमें से दोनों पक्षों से छह घायल हो गये हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया हैं। दीनदयाल नगर पवन की पत्नी सियारानी ने तहरीर देकर बताया कि गुरूवार की की रात्रि नौ बजे वह अपने पति और पुत्र के साथ दुकान से घर जा रही थी। जहां पर मोहल्ले में रहने वाले रविंद्र और उसकी मां कालिन्द्री समेत एक अज्ञात ने लाठी, डंडे से मारपीट किया हैं। जिसमें से तीनों को चोटे आई हैं। वही पर दूसरे पक्ष से कालिन्द्री ने तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बहू मनीषा एवं पुत्र रवींद्र के साथ घर पर थी। जहां पर पवन निषाद अपने परिवार के साथ घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडे से मारपीट किया हैं। महिला ने आरोप लगाया कि डायल ११२ पुलिस आने पर हम लोगों की जान बची हैं। थाना प्रभारी राजेश सिह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों से रिपोर्ट दर्ज किया हैं।

पूर्व विधायक के ड्राइवर को धमकाया

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के दुबारी निवासी श्यामू ने तहरीर देकर बताया कि २१ अक्तूबर की रात्रि नौ बजे के पास ताम्रबनी तिराहा पर भरकुरा निवासी कपिल वर्मा ने रोक कर गाली गलौज किया हैं। पीड़ित ने बताया कि वह पूर्व विधायक दिनेश मिश्र के यहां ड्राइवर का काम करता हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गालीगालैज का वीडियों बनने का प्रयास किया तो आरोपी ने मोबाइल फोन तोड़ दिया हैं।

शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय लक्ष्मी साधना शिविर

चित्रकूट। राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में दो दिवसीय जागृत लक्ष्मी साधना शिविर शनिवार से शुरू हो गया। दोपहर शिविर स्थल पर गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली का उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में चित्रकूट की महिमा का बखान करते हुए कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा के महत्व पर प्रकाश डाला। गुरुदेव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, लक्ष्मण, सीता सहित भरत और शत्रुघ्न के रामचरितमानस में वर्णित प्रसंगों का जिक्र किया और रामभक्त हनुमान की महिमा और सेवा भाव का विस्तार से वर्णन किया। शनिवार शाम पांच बजे हाथी घोड़ा और गाजे बाजे के साथ रामघाट से गंगा पूजन के पश्चात कलश में जल भरकर निर्मोही अखाड़ा से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। सबसे आगे गुरु भाई शिविर का बैनर लेकर निकले। इसके पीछे हाथी घोड़े और वाद्य यंत्र बजता रहा। ठीक इसके पीछे गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली बग्घी में विराजमान रहे। कलश यात्रा रामघाट निर्मोही अखाड़ा से शुरू होकर रामायण मेला परिसर तक पहुंची। इसके बाद गुरु पूजन और दीक्षा कार्यक्रम शुरू हुआ। शिविर में साधकों को महाकाली दीक्षा, सर्व बाधा निवारण हनुमान दीक्षा और जागृत महालक्ष्मी दीक्षा प्रदान की जायेगी। कुछ दीक्षाएं शक्तिपात के माध्यम से दी जाएंगी। शिविर में देशभर से पहुंचे हजारों साधक शामिल हो रहे हैं।

प्रयागराज खेल

एथलेटिक्स एवं हैण्डबालके लिए चयन-ट्रायल २८ एवं २९ को

जिला एवं मण्डल स्तरीय समन्वय जूनियर बालक एथलेटिक्स एवं सबजूनियर बालक हैण्डबाल चयन-ट्रायल्स ३१ अक्तूबर से ०१ नवम्बर तक वाराणसी में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं चार से सात नवम्बर तक आजमगढ़ में प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल जिलास्तर पर जूनियर बालक एथलेटिक्स के लिए २८ अक्तूबर को अपरान्ह तीन बजे एवं मंडलस्तर पर २९ अक्तूबर को पूर्वान्ह ११ बजे मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में होगा। इसी तरह सबजूनियर बालक हैण्डबाल के लिए जिलास्तर पर ३१ अक्तूबर को अपरान्ह तीन बजे और मंडलस्तर पर एक नवंबर को पूर्वान्ह १० बजे होगा। उक्त ट्रायल में भाग लेने वाले जूनियर बालक एथलेटिक्स खिलाड़ियों की आयु १७.०९.२००६ से १६.०९.२००८ के मध्य हो एवं सबजूनियर हैण्डबाल बालिका खिलाड़ी की आयु ०१.०१.२०११ या उसके बाद की हो वह पात्र होंगे। अतः ट्रायल में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ, पोसपोर्ट साइज फोटो के साथ उक्त आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन-ट्रायल में भाग ले सकते है।

प्रयागराज मण्डलने सहारनपुर मण्डलको १-० गोलसे हराया

डिस्ट्रिक्ट फुटबाल एसोसिएशन इलाहाबाद के सचिव मकबूल अहमद के अनुसार वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष फुटबाल चैंपियनशिप में खेले गए मैच में प्रयागराज मण्डल की टीम ने सहारनपुर मण्डल को १-० गोल से हराया। टीम के लिए मात्र एक गोल आर्यन तिवारी ने सैफ के पास मारकर टीम को १-० गोल से जीत दिलाई।

न्यू समर्थ हास्पिटलपर एल्गिन क्लबकी आसान जीत

डीएवी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में एल्गिन क्लब ने न्यू समर्थ हास्पिटल को ८२ रन से हराया। टास जीतकर पहले खेलते हुए एल्गिन क्लब ने २० ओवर में ७ विकेट खोकर १७९ रन (नितिन सोनकर ६१, अंकित ३९ गुप्ता, शाजिद अख्तर और अलोक यादव २-२ विकेट और आस्तिक दुबे और देवेंद्र सिंह एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में उतरी न्यू समर्थ हास्पिटल की टीम १६वें ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ ९७ रन ही (अमन ३८, अमित श्रीवास्तव १७, प्रांजल शर्मा ५ विकेट, अमज़द खान २ विकेट, पार्थ टंडन एवं नितिन सोनकर एक-एक विकेट) बना सकी। प्लेयर आफ द मैच नितिन सोनकर को चुना गया. अम्पायरिंग रजनीश रावत और विपिन कुमार ने किया जबकि स्कोरिंग सुधांशु ने किया।



एथलेटिक्स प्रतियोगितामें सोरांव-फूलपुर एवं मेजाके खिलाड़ियोंका जलवा

चार दिवसीय ७०वीं जनपद एवं मंडल स्तरीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताका आगाज

७० वीं जनपदीय-मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय चार दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में शनिवार से शुरू हुई। सीनियर बालक वर्ग ८०० मीटर दौड़ शुभम सोनकर मेजा प्रथम, सचिन कुमार पाल फूलपुर द्वितीय और दीपांशु फूलपुर तृतीय स्थान पर रहे।

हाई जंप में आर्यन पाल फूलपुर, आदर्श बिंद करछना, मंगला प्रसाद फूलपुर, शाटपट में मोहम्मद अनस बारा, नजीब आलम सोरांव, निहाल प्रजापति मेजा, लंबी कूद में मंगला प्रसाद फूलपुर, विशाल नगर उत्तर, अनीश कुमार सोरांव, १५०० मी में मानसिंह नगर दक्षिण, सुभाष सोनकर मेजा एवं अनुराग सोरांव, बालक वर्ग अंडर- १७ ८०० मीटर दौड़ में विकास पटेल सोरांव, हनी सिंह नगर उत्तर एवं श्याम बाबू सोरांव, १५०० मीटर में आदर्श उपाध्याय मेजा, अश्विन फूलपुर, आकाश कुमार



हंडिया, बालक वर्ग सबजूनियर ६०० मीटर दौड़ में सुमित कुमार नगर उत्तर, मोहम्मद जैद सोरांव एवं विजय सोरांव, शाटपट में विवेक सोरांव, यश शुक्ला बारा एवं ओम रंजन यादव मेजा, बालिका वर्ग अंडर-१९ बालिका ८०० मीटर दौड़ में प्राची वर्मा नगर उत्तर, तुलसी सोरांव एवं नैंसी करछना, शाटपट में रिया सोरांव, संजना सोरांव एवं रागनी करछना, लंबी कूद में सोनाक्षी फूलपुर सोनम सोरांव एवं कुमकुम तिवारी हंडिया, जूनियर वर्ग बालिका अंडर-१७ ८०० मीटर दौड़ में खुशी सोरांव, अंजलि तिवारी मेजा, शोभा नगर उत्तर, शाटपट में प्रिया हंडिया, रिंकी बिन्द हंडिया एवं सुनैना मेजा, सब जूनियर बालिका वर्ग ६०० मीटर दौड़ में कविता देवी कोराव, स्वाति यादव बारा एवं वर्षा नगर उत्तर, शाटपट में प्रीति यादव हंडिया, खुशबू पटेल सोरांव एवं कविता मेजा, १०० मीटर दौड़ में साइना बानो सोरांव, अंकिता फूलपुर और संध्या करछना क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। सर्वप्रथम प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर शिक्षा निदेशक कामता राम पाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और ध्वज फहराकर किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज डा.संतोष कुमार राय ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के लिए कहा कि पाठ्यक्रम की गतिविधियों के साथ-साथ छात्र एवं छात्राएं खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से भी खुद को साबित करने का प्रयास करते रहे यह हम सबके लिए गर्व का क्षण होगा।

यूपी स्कूली क्रिकेट टीमके चयनकर्ता बने हसबीन

कानपुर में २६ से २८ अक्तूबर तक आयोजित प्रदेशीय विद्यालयीय बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पं. हनुमत दत्त त्रिपाठी इंटर कालेज के क्रीड़ाध्यक्ष



हसबीन अहमद को को अंडर-१७ टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य हसबीन अहमद इससे पहले भी प्रदेशीय विद्यालयीय टीम चयनकर्ता रह चुके हैं। यह जानकारी कालेज के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्र ने दी है।

एएस हनुमानगंज एवं विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल जीते

एएस हनुमानगंज क्लब ने एमआईसी बी को आठ विकेट और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने सावित्री देवी क्लब को तीन विकेट से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक हासिल किए। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर शनिवार को खेले गए पहले मुकाबले में एमआईसी बी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए १३.५ ओवर में ६२ रन पर (अब्दुल रहमान ने १९, अफ्फान १४, शिवांश जायसवाल ४/१३, प्रशांत ३/२५, शिवेंद्र सिंह २/१४) बनाये।

जवाब में एएस हनुमानगंज क्लब ने ५.४ ओवर में दो विकेट पर ६३ रन (अंशु विश्वकर्मा ३८, कार्तिकेय राय १३ नाबाद, अंश कुमार २/२८) बनाकर मैच जीत लिया। शिवांश



जायसवाल को हाकी खिलाड़ी नदीम खान ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मुकाबले में सावित्री देवी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में पांच विकेट पर १२२ रन (अमन पाल ५२, शुभम सोनकर ४० नाबाद, अनिकेत गर्ग १/१७, रुद्र प्रताप १/१९, शुभम पाल १/२१) बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम ने १५.४ ओवर में सात विकेट पर १२३ रन (अभिषेक अग्रहरि २९, शौर्य प्रताप सिंह २६, आर्यन यादव २२, आर्यन सिंह यादव १०, अनुराग शुक्ला २/०९, विराज पटेल २/२८, अनिकेत गर्ग १/१७, कमल सिंह चंदेल १/२७) बनाकर मैच जीत लिया। अभिषेक अग्रहरि को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेटर नीलम आगा ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दोनों मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग की, जबकि खुर्शीद अहमद और शिशिर मेहरोत्रा ने स्कोरिंग की।